# Rajasthan IT Games 2025

**(Organised and Managed By: IT Union Rajasthan)**

Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

| KAPILCHOUDHARY (President) | GAURAV GUPTA (General Secretary) | RISHI SAINI (Treasurer) |
|---|---|---|


**CHIEF ORGANISER**
- SUDHIR CHOUDHARY

**CO-CHIEF ORGANISER**
- MAN SINGH RATHORE
- MAHAVEER BURDAK

**ORGANISING SECRETARY**
- DEVENDRA SINGH
- RAMKISHOR MEENA
- KARU LAL JANWA
- CHHINGA RAM MEENA

**ORGANISING TREASURER**
- MAHESH KUMAR KUMAWAT
- GIRISH KUMAR SAINI

**GAMES CORDINATOR**
- DEEPCHAND KUMAWAT
- SHIVSHANKAR SHARMA
- VIVEK MISHRA
- RAJENDRA MEENA
- RAKESH THALORE
- JASWANT SINGH CHAUHAN

**ORGANISING COMMITTEE**
- PUSHPENDRA SINGH
- VIKARAM SINGH
- ABHISEK SAROWA
- VINOD KUMAR
- MANVENDRA SINGH
- RAJESH GURJAR
- ANIL SHARMA
- RAJESH RAJPUROHIT
- HARISH MEENA
- DURPAT SINGH
- VIRENDRA SINGH
- YASHWANT SINGH
- BRIJESH PAREEK
- SURJARAM BHAGAT
- RAJENDRA UJJWAL


## राजस्थान IT खेल प्रतियोगिता 2025-2026 हेतु नियम एवं शर्तें

### 1. उद्देश्य (Objective)

विभागीय कर्मचारियों में आपसी सौहार्द, टीम भावना एवं शारीरिक–मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

### 2. पात्रता (Eligibility)

इस प्रतियोगिता में केवल सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी ही भाग ले सकते हैं, अन्य किसी विभाग या बाहरी टीम को खेलने की अनुमति नहीं होगी। आवश्यकता होने पर सत्यापन हेतु विभागीय ID/Employee ID दिखानी होगी।

### 3. पंजीकरण एवं प्रवेश शुल्क (Registration & Entry Fee)

- प्रत्येक टीम/खिलाड़ी को निर्धारित प्रवेश शुल्क आयोजन समिति को जमा कराना होगा।
  क्रिकेट टीम: 19000/–
- बैडमिंटन (सिंगल/डबल): 500/– प्रति खिलाड़ी / 1000/– प्रति टीम
  टेबल टेनिस: (सिंगल/डबल): 500/– प्रति खिलाड़ी / 1000/– प्रति टीम
  चैस (शतरंज): 350/– प्रति खिलाड़ी
- पंजीकरण तिथि दिनांक 05.11.2025 दोपहर 12 बजे से 10.11.2025 तक शाम 06 बजे तक रहेगी। अंतिम तिथि तक पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

### 4. प्रतियोगिता प्रारूप (Tournament Format)

- क्रिकेट: T–20 प्रारूप में लीग एवं नॉक आउट प्रणाली के अनुसार मैच खेले जाएंगे।
- बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चैस: लीग/नॉकआउट प्रणाली आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार तय की जाएगी।
- प्रत्येक मैच का समय एवं स्थान पूर्व सूचना द्वारा सूचित किया जाएगा।

### 5. न्यूनतम टीम भागीदारी नियम

- प्रत्येक श्रेणी में कम से कम 8 टीमों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
- यदि किसी श्रेणी में टीमों की संख्या 8 से कम रहती है, तो उस श्रेणी का टूर्नामेंट आयोजित नहीं किया जाएगा।
- ऐसी स्थिति में संबंधित टीमों कीएंट्री फ़ीस पूर्ण रूप से वापस कर दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन या बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 6. खेल के नियम (Rules of Play)

**क्रिकेट हेतु विशेष नियम:**

- प्रत्येक टीम में अधिकतम 15 खिलाड़ी अनिवार्य होंगे।
- LBW नियम लागू नहीं होगा।
- Power Play के पहले 6 ओवरों में अधिकतम 2 खिलाड़ी 30 यार्ड के बाहर रह सकेंगे।
- यदि मैच टाई होता है तो मैच का परिणाम आने तक सुपर ओवर होगा।
- प्रत्येक मैच नव–सुसज्जित एवं सुविधाओं से युक्त ग्राउंड पर होगा।
- क्रिकेट प्रतियोगिता टी–20 प्रारूप में सफेद ड्रेस में टेनिस बॉल से खेली जाएगी।
- क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम के कुल खिलाडियों की संख्या 15 होगी, जो सभी विभागों

CHIEF ORGANISER
- SUDHIR CHOUDHARY

CO-CHIEF ORGANISER
- MAN SINGH RATHORE
- MAHAVEER BURDAK

ORGANISING SECRETARY
- DEVENDRA SINGH
- RAMKISHOR MEENA
- KARU LAL JANWA
- CHHINGA RAM MEENA

ORGANISING TREASURER
- MAHESH KUMAR KUMAWAT
- GIRISH KUMAR SAINI

GAMES CORDINATOR
- DEEPCHAND KUMAWAT
- SHIVSHANKAR SHARMA
- VIVEK MISHRA
- RAJENDRA MEENA
- RAKESH THALORE
- JASWANT SINGH CHAUHAN

ORGANISING COMMITTEE
- PUSHPENDRA SINGH
- VIKARAM SINGH
- ABHISEK SAROWA
- VINOD KUMAR
- MANVENDRA SINGH
- RAJESH GURJAR
- ANIL SHARMA
- RAJESH RAJPUROHIT
- HARISH MEENA
- DURPAT SINGH
- VIRENDRA SINGH
- YASHWANT SINGH
- BRIJESH PAREEK
- SURJARAM BHAGAT
- RAJENDRA UJJWAL

की टीम को प्रतियोगिता आयोजकर्ता को निर्धारित प्रारूप में 15 खिलाडियों के नाम पहले देने होंगें, उसके बाद सूची में बदलाव नहीं होगा।

- क्रिकेट प्रतियोगिता में सुपर सब खिलाडी (12 वां खिलाडी) की अनुमति होगी।
- क्रिकेट मैच किसी भी प्राकृतिक कारण से मैच रूकता है या पूरा नहीं हो पाता है तो ऐसी स्थिति में दूसरी पारी के 6 ओवर होने पर डी.एल. नियम लागू होगा यदि दूसरी पारी के 6 ओवर नहीं होते तो मैच दोबारा शुरू होगा।

**बैडमिंटन हेतु विशेष नियमः**

- मैच Best of Three सेट्स (21 पॉइंट्स) पर आधारित होंगे।
- रैकेट एवं शटलकॉक खिलाड़ी स्वयं लेकर आएंगे।

**टेबल टेनिस हेतु विशेष नियमः**

- प्रत्येक मैच Best of Five Games (11 Points) में खेला जाएगा।
- खिलाड़ियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहना अनिवार्य है।

**चैस (शतरंज) हेतु विशेष नियमः**

- सभी मैच Swiss System या Knockout System के आधार पर खेले जाएंगे।
- प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी चाल 90 सेकंड के भीतर चलनी होगी।

**7. अनुशासन एवं समय पालन (Discipline & Timings)**

- सभी प्रतिभागियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व स्थल पर उपस्थित रहना होगा।
- समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में विपक्षी खिलाड़ी/टीम को विजेता घोषित किया जा सकता है।
- खेल के दौरान अनुशासनहीनता, विवाद या आपत्तिजनक व्यवहार की स्थिति में आयोजन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

**8. निर्णायक एवं समिति का निर्णय (Decision Authority)**

- अंपायर निर्णय अंतिम / मान्य होगा। मैच के दौरान किसी भी प्रकार के विरोधाभास होने की स्थिति में अम्पायर का निर्णय सभी टीमों के लिए मान्य होगा। आयोजन कमेटी के किसी सदस्य का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।
- किसी भी टीम या उसके खिलाड़ी द्वारा अंपायर के निर्णय के विरुद्ध कोई आपत्ति या अंपायर के साथ किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता/दुर्व्यवहार/खेल भावना और खेल आचार संहिता के प्रति किसी भी प्रकार का उल्लंघन किया जाता है, तथा आयोजन समिति को रिपोर्टिंग के दौरान सही पाए जाने की स्थिति में संबंधित टीम को उसी स्तर से प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, तथा भविष्य में आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। साथ ही आयोजन समिति द्वारा उक्त कृत्य को विभागीय अभिलेख में दर्ज किया जाएगा।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा उपस्थिति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी इन सभी नियमों एवं शर्तों को स्वीकार करेंगे

Mahaveer

महावीर बुरडक
सह.मुख्य आयोजक